# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 02.07.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया। महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की

**(2).** आज दिनाँक 02.07.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता

कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया । पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी ।

**(3).** आज दिनाँक 02.07.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में आये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चौकी प्रभारी खोही परिक्रमा मार्ग श्री रमेश यादव तथा उनके हमराही द्वारा अभियुक्त अजय कुमार उपाध्याय पुत्र इन्द्रपाल उपाध्याय निवासी हड़हामाफी थाना बदौसा जनपद बांदा को 05 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया ।

**बरामदगीः-**

05 लीटर कच्ची शराब

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.चौकी प्रभारी खोही परिक्रमा मार्ग श्री रमेश यादव

2.आरक्षी रविन्द्र राठौर

3.आरक्षी आशीष कुमार

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर 01 परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया ।

आवेदिका श्रीमती आकांक्षा पुत्री जितेन्द्र करवरिया निवासी गोपालकुंज तरौंहा थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट द्वारा अपने पति सिद्धार्थ उर्फ गोलू पुत्र रविशंकर शुक्ला निवासी देवरा थाना मऊ जनपद चित्रकूट तथा ससुराल पक्ष के द्वारा मारपीट, गाली-गलौज व दहेज की मांग करने के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया गया । पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा प्रार्थना-पत्र के निस्तारण हेतु प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी उ0नि0 श्रीमती गुड्डी देवी, महिला आरक्षी शिवाग्नी श्रीवास्तव, महिला आरक्षी मंजूलता द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया । दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी । आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़े को एक दूसरे के साथ-साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

**समझौता कराने वाली टीमः-**

1.प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र उ0नि0 श्रीमती गुड्डी देवी

2.महिला आरक्षी शिवांग्नी श्रीवास्तव

3.महिला आरक्षी मंजूलता

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर 01 परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया।

आवेदिका श्रीमती श्यामकली पत्नी सुभाषचन्द्र निवासी भटठा थाना मऊ जनपद चित्रकूट द्वारा अपने पति सुभाषचन्द्र पुत्र संतोष कुमार निवासी उपरोक्त द्वारा मारपीट व झगड़ा करने के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया गया। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा प्रार्थना-पत्र के निस्तारण हेतु प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी उ0नि0 श्रीमती गुड्डी देवी, महिला आरक्षी शिवाग्नी श्रीवास्तव, महिला आरक्षी मंजूलता द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया। पीड़िता का पति बाहर होने की वजह से उससे जरिये मोबाइल वार्ता की गयी तथा दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़े को एक दूसरे के साथ-साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा पीड़िता को उनकी सास के साथ घर वापस भेजा गया।

**<u>समझौता कराने वाली टीमः-</u>**

1.प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र उ0नि0 श्रीमती गुड्डी देवी
2.महिला आरक्षी शिवांग्नी श्रीवास्तव
3.महिला आरक्षी मंजूलता

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्री श्याम प्रताप पटेल के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री दिनेश कुमार पाण्डेय तथा उनके हमराही आरक्षी द्वारा मु0नं0 1019/2015 धारा 379,411 भादवि0 व 04/21 खनिज अधिनियम के वारण्टी अभियुक्त सत्यनारायण पुत्र बच्चीलाल निवासी जमेहली थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली टीमः-</u>**

1.उ0नि0 श्री दिनेश कुमार पाण्डेय थाना रैपुरा
2.आरक्षी अंकित शुक्ला

**(7).** श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की अध्यक्षता में प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री मनोज कुमार की उपास्थिति में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत थाना राजापुर में पीस कमेटी के सदस्यों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। इस गोष्ठी में आगामी त्यौहारों को शांति, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे से मनाने की अपील की गयी। किसी भी प्रकार की कोई समस्या होती है तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें।

**(8).** आज दिनाँक 02.07.2024 जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी. एन. एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा आगामी अमावस्या मेले के दृष्टिगत रामघाट एवं परिक्रमा मार्ग भ्रमण किया गया। इस दौरान मेला क्षेत्र में कराए गए पर्यटन विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने बरहा हनुमान मंदिर के पास निर्माणाधीन गेट निर्माण,सडक मार्ग,म्यूरिनल, कामदगिरि आरती स्थल, सेल्फी प्वाइंट,टीन शेड में कराए गए चित्र चित्रण, चौपड़ा तालाब का सौन्दरीकरण, मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश सीमा परिक्रमा मार्ग पर गेट निर्माण, रामायण दर्शन गैलरी, सुलभ काम्प्लेक्स, लक्ष्मण पहाड़ी के पर्यटन विकास कार्यो, रामघाट पर लाइट व्यवस्था आरती स्थल के कार्यो को देखा। जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए कि रामघाट व परिक्रमा पथ पर जो कार्य कराए जा रहे हैं उनको शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराया जाए, कामदगिरि आरती स्थल पर जो नये कार्य कराए जाने हैं एवं जो अन्य पर्यटन विकास के कार्यों को कराया जाना है उनके प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाए, रामायण दर्शन में बाहर बैठने के लिए बेंचेज लगाई जाए, उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को निर्देश दिए कि मशीनों द्वारा लगातार परिक्रमा मार्ग की अच्छी तरह से साफ सफाई कराए,उप जिलाधिकारी कर्वी से कहा कि रामघाट एवं परिक्रमा मार्ग में किसी भी तरह का अतिक्रमण नहीं होना चाहिए,बरहा हनुमान मंदिर के पास जो मुख्य गेट बनाया गया है वहां से वाहन को रोकने के लिए बैरीकेडिंग किया जाए ताकि परिक्रमा मार्ग के अंदर गाड़ी प्रवेश न कर सके।
निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी कर्वी श्री सौरभ यादव, क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी श्री अनुपम श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**(9).** आज दिनाँक 02.07.2024 को जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी एन एवं पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में अषाढ़ मास की अमावस्या मेला, मोहर्रम, गुरु पूर्णिमा एवं जगन्नाथ रथ यात्रा, कांवड यात्रा सहित अन्य त्योंहारों को सकुशल शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों तथा जनपद के पीस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई।
जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि त्योहारों को सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने के लिए जो दायित्व आप लोगों को दिए गए हैं उसका समय से अनुपालन करें अगर कोई समस्या है तो उसको बताएं निस्तारण कराया जाएगा उन्होंने पीस कमेटी के लोगों से कहा कि त्योहारों में कोई नयी परंपरा नहीं डाली जाएगी किसी भी त्यौहार को लेकर कोई समस्या है आप लोग अवगत कराए निस्तारण कराया जाएगा, अषाढ़ मास की अमावस्या मेला को लेकर अधिशासी अभियंता सिंचाई से कहा कि मंदाकिनी गंगा रामघाट पर बैरिकेडिंग गोताखोर नाव आदि की व्यवस्था करें नगर पालिका से कहा कि अच्छी तरह से रामघाट परिक्रमा मार्ग सहित पूरे मेला क्षेत्र की साफ सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था रहे उन्होंने उप जिलाधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी से कहा की परिक्रमा मार्ग पर किसी भी दशा में अतिक्रमण न रहे जलेबी वाली गली के दुकानदारों को नोटिस दी जाए कि परिक्रमण पथ पर टेबल कुर्सी व गैस सिलेंडर आदि नहीं रखेंगे नहीं तो परिक्रमा मार्ग का डायवर्जन तृतीय मुखारविंद के बाहर से किया जाएगा वाहनों की पार्किंग स्थल पर बरसात को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें उन्होंने अधिशासी अभियंता जल संस्थान श्री डीके सत्संगी से कहा कि टैंकर आदि के माध्यम से पूरे मेला क्षेत्र व पार्किंग स्थलों पर पेयजल की व्यवस्था करें, उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि मेला क्षेत्र व पार्किंग स्थलों पर विद्युत पोल तार आदि ठीक करा लें और पोलों पर रैप लगवा दे, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों से कहा कि खाद्य सामग्री की चेकिंग करें जिला आबकारी अधिकारी से कहां की मादक पदार्थों पर भी चेकिंग कराकर कार्रवाई करें, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश

द्विवेदी से कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं एंबुलेंस आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें उन्होंने कहा कि त्योहारों को सकुशल संपन्न कराए जाने के जो निर्देश दिए गए हैं वह सभी संबंधित अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए त्योहारों को सफलतापूर्वक संपन्न कराएंगे।
पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमारे यहां त्यौहार बहुत पहले से ही मनाए जा रहे हैं पहले विद्युत तार आदि नहीं थे अब विकास के साथ-साथ अपने कार्य पद्धति को भी हम आपको बदलना पड़ेगा उन्होंने उप जिलाधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी से कहा कि जो रजिस्टर्ड 72 ताजिया जुलूस जनपद चित्रकूट में निकालना है उसमें एक पीपीओ ,एक हल्का प्रभारी नियुक्त करें प्रत्येक दशा में ताजिया की साइज छोटी रहे ताजिया दार सुरक्षा कमेटी भी बनाई जाए और उनकी भी जिम्मेदारी तय करें ताकि ताजिया निकालने में कोई समस्या ना हो उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि जिस रूट से ताजिया निकाली जाएगी उन रास्तों पर विद्युत तार आदि को देखकर ठीक कराया जाए उन्होंने उप जिलाधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से कहा की तरौंहा पर जहां ताजिया दफनाई जाती हैं उसका निरीक्षण कर समाधान किया जाए गत वर्षों पर जैसे ताजिया का त्यौहार मनाया गया है उसी के अनुसार कुशलतापूर्वक  मनाया जाए  जहां पर विवाद है वहां पर न्यायालय के आदेशों को माना जाए उन्होंने प्रकाश व्यवस्था,साफ सफाई, पेयजल आदि सभी व्यवस्थाओं त्योहारों पर रहे जिस मार्ग से ताजिया निकलती रही है उसी रास्ते से निकलेंगी अलग से कोई मार्ग नहीं बदला जाएगा , जगन्नाथ रथ यात्रा के संबंध पर कमेटी के लोगों से कहा कि रथ यात्रा का एक प्लान बनाकर उपलब्ध करा दे उसमें दिनांक समय आयोजन का नाम तथा मोबाइल नंबर भी अंकित किया जाए।
बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी, सहित संबंधित अधिकारी, पीस कमेटी के पदाधिकारी एवं हिंदू मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे।

**(10).** आज दिनाँक 02.07.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल की उपस्थिति में नवनिर्मित थाना भरतकूप में 01 जुलाई से लागू होने वाले नये भारतीय कानून के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजनमानस को भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के सम्बन्ध में जागरुक किया गया।

इस दौरान आगामी अषाढ़ मास की अमावस्या मेला, मोहर्रम, गुरु पूर्णिमा एवं जगन्नाथ रथ यात्रा, कांवड यात्रा सहित अन्य त्योंहारों को सकुशल शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने को हेतु पीस कमेटी के सदस्यों के साथ मीटिंग की गयी। सभी से त्योहारों को भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण मनाने की अपील की गयी।

तत्पश्चचात पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने कर कमलों से बरगद का पौधा लगाकर वृक्षारोपण किया गया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल, थानाध्यक्ष भरतकूप श्री प्रवीण कुमार सिंह, पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह एवं भारी संख्या में जनता के व्यक्ति तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।